अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 31 अक्तूबर 2017
amarujala.com
PAGE NO. 09 MIDDLE LEFT

# इंजीनियरिंग के छात्रों ने स्पंदन में दिखाया अपना हुनर

**बरेली।** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में सोमवार को सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम स्पंदन का आयोजन किया गया। अंशिता तिवारी को बेस्ट परफारमेंस ऑफ स्पंदन का अवार्ड मिला। निशांत तोमर को बीट द प्रोप और साहिल कर्माकर को स्टैंड अप कॉमेडी में विजेता घोषित किया गया। डीजे नाइट का भी आयोजन हुआ। बास्केटबॉल, कैरम, टेबिल टेनिस और शाटपुट में एसआरएमएस सीटीई और सीईटीआर टीम विजेता रही। इस मौके पर ट्रस्ट के चयेरमैन देवमूर्ति ने पुरस्कार बांटे। सचिव आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर, डॉ. राजेश त्यागी व अन्य का सहयोग रहा। **ब्यूरो**